This Question Paper consists of 50 questions and 19 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 50 प्रश्न तथा 19 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

Code No.
कोड नं. **67/OS/1**

SET/सेट **A**

# INDIAN CULTURE AND HERITAGE
# भारतीय संस्कृति और विरासत
# (223)

**Day and Date of Examination :**
**( परीक्षा का दिन व दिनांक )** ____________________

**Signature of Invigilators :**
**( निरीक्षकों के हस्ताक्षर )** 1. ____________________

2. ____________________

**General Instructions :**

1. Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.
2. **15** minute time has been allotted to read this Question Paper. The question paper will be distributed at **02.15** p.m. From **02.15** p.m. to **02.30** p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
3. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
4. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
5. For the objective-type of questions, you have to choose **any one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
6. All the questions including objective-type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective-type questions.
7. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
8. Write your Question Paper Code No. **67/OS/1-A** on the Answer-Book.
9. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
2. इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
3. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
4. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
6. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
7. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **67/OS/1-A** लिखें।
9. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# INDIAN CULTURE AND HERITAGE
# भारतीय संस्कृति और विरासत
# (223)

**Time : 3 Hours ]** **[ Maximum Marks : 100**
**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**Note :**

(i) This question paper consists of total **50** questions in all.
(ii) **All** questions are **compulsory**.
(iii) Marks are given against each question.
(iv) **Section-A** consists of :
 (a) **Q.No. 1 to 20** - Multiple Choice type questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt **only one** of the given choices in such questions.
(v) **Section-B** consists of :
 (b) **Q.No. 21 to 35** - Objective type questions. **Q.No. 21 to 35** carry **2** marks each (with **2** sub - parts of **1** mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.
(vi) **Section-C** consists of :
 (c) **Q.No. 36 to 40** - Very short questions carrying **2** marks each to be answered in about **25** words.
(vii) **Section-D** consists of :
 (d) **Q.No. 41 to 45** - Short Answer type questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **40 to 50** words.
(viii) **Section-E** consists of :
 (e) **Q.No. 46** to **50** - Long Answer type questions carrying **5** marks each to be answered in the range of **150 to 200** words.

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **50** प्रश्न हैं।
(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।
(iv) **खण्ड - क** में शामिल हैं :
 (a) **प्रश्न संख्या 1 से 20** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक **1** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखना है। इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, आपको ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से **केवल एक** विकल्प का ही उत्तर लिखना होगा।
(v) **खण्ड - ख** में शामिल हैं :
 (b) **प्रश्न संख्या 21 से 35** तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। **प्रश्न संख्या 21 से 35** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंक के हैं (प्रत्येक **1** अंक के **2** उप–भागों के साथ)। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर लिखें।
(vi) **खण्ड - ग** में शामिल हैं :
 (c) **प्रश्न संख्या 36 से 40** तक अति लघु–उत्तरीय प्रकार के **दो–दो** अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर **25** शब्दों में दिए जाने चाहिए।
(vii) **खण्ड - घ** में शामिल हैं :
 (d) **प्रश्न संख्या 41 से 45** लघु–उत्तरीय प्रकार के **तीन–तीन** अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर **40 से 50** शब्दों में दिए जाने चाहिए।
(viii) **खण्ड - ङ** में शामिल हैं :
 (e) **प्रश्न संख्या 46 से 50** दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के **पाँच–पाँच** अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर **150 से 200** शब्दों में दिए जाने चाहिए।

## SECTION - A/खण्ड - क

**Question number 1 to 20 are multiple choice questions carrying 20 marks.** **20x1=20**

**प्रश्न संख्या 1 से 20 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं सभी के लिए 20 अंक है।**

**1.** Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये।

(i) The first railway line from Bombay to Thane was started in the year :

(A) 1852 (B) 1859 (C) 1855 (D) 1853

बॉम्बे से ठाणे तक पहली रेल्वे लाइन किस वर्ष शुरू की गई थी ?

(A) 1852 (B) 1859 (C) 1855 (D) 1853

(ii) Identify the Bhakti saint with the help of the following information.

- A saint from Bengal
- Devotee of Lord Krishna
- Used to go into a trance singing devotional songs in praise of Lord Krishna

(A) Mirabai (B) Chaitanya

(C) Namdev (D) Ramanujan

नीचे दी गयी जानकारी की सहायता से निम्नलिखित में से भक्ति संत की पहचान कीजिये।

- बंगाल के एक संत
- भगवान कृष्ण के भक्त
- भगवान कृष्ण की स्तुति में भक्ति गीत गाते हुए समाधि में चले जाते थे।

(A) मीराबाई (B) चैतन्य

(C) नामदेव (D) रामानुजन

**2.** Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये।

(i) *Neeldarpan*, the play was written by :

(A) Bankim Chandra (B) Dinabandhu Mitra

(C) Bhartendu Harish Chandra (D) Altaf Hussain

*नीलदर्पण*, नाटक किसके द्वारा लिखा गया था ?

(A) बंकिम चंद्र (B) दीनबंधु मित्रा

(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र (D) अल्ताफ हुसैन

(ii) Kabir was a disciple of __________.

(A) Raidas (B) Swami Ramananda

(C) Gobinda (D) Mirabai

कबीर, __________ के शिष्य थे।

(A) रैदास (B) स्वामी रामानंद

(C) गोबिंदा (D) मीराबाई

**3.** Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये।

(i) The Prarthana Samaj was established in Bombay by :

(A) Swami Vivekananda (B) H.P. Blavatsky

(C) Dr. Atma Ram Pandurang (D) Jyotiba Phule

प्रार्थना समाज की स्थापना बॉम्बे में __________ के द्वारा की गई थी।

(A) स्वामी विवेकानन्द (B) एच.पी. ब्लावात्स्की

(C) डॉ. आत्माराम पांडुरंग (D) ज्योतिबा फुले

(ii) A Muslim poet who was a devotee of Lord Krishna :

(A) Sir Syed Ahmad Khan (B) Syed Ameer Ali

(C) Raskhan (D) Abdus Samad

एक मुस्लिम कवि जो भगवान कृष्ण के भक्त थे :

(A) सर सैयद अहमद खान (B) सैयद अमीर अली

(C) रसखान (D) अब्दुस समद

**4.** Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये :

(i) Identify the Bhakti saint with the help of the following information.

He is from Bengal. He was a devotee of Lord Krishna. He condemned the caste system and emphasised on the equality of all.

(A) Chaitanya Mahaprabhu (B) Mirabai

(C) Ramanuja (D) Namadeva

नीचे दी गयी जानकारी की सहायता से भक्ति संत की पहचान कीजिये।

वह बंगाल से है। वह भगवान कृष्ण के भक्त थे। उन्होंने जाति की समानता पर जोर दिया।

(A) चैतन्य महाप्रभु (B) मीराबाई

(C) रामानुज (D) नामदेव

(ii) Identify the Indian ruler from Mysore, who tried to take advantage of the rivalry between the French & the British from the following options.

(A) Tipu Sultan (B) Bahadur Shah Zafar

(C) Ahmad Shah Abdali (D) Nadir Shah

मैसूर में भारतीय शासक, जिसने फ्रांसीसियों और अंग्रेजों के बीच प्रतिद्वंद्विता का फायदा उठाने की कोशिश की थी :

(A) टीपू सुल्तान (B) बहादुर शाह जफर

(C) अहमद शाह अब्दाली (D) नादिर शाह

**5.** Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये :

(i) Identify the book from the clues given below :

- It is an account of exploits of Prithviraj Chauhan.
- In its imitation several other rasos were written.
- It is supposed to be the first book in the Hindi Language.

(A) Prithviraj Raso (B) Natyashastra

(C) Geetanjali (D) Nirala

नीचे दी गयी जानकारी की सहायता से पुस्तक की पहचान कीजिये।

- यह पृथ्वीराज चौहान के कारनामों का लेखा-जोखा है।
- इसके अनुकरण में अन्य कई रास लिखे गये।
- यह हिंदी भाषा की पहली पुस्तक मानी जाती है।

(A) पृथ्वीराज रासो (B) नाट्यशास्त्र

(C) गीतांजलि (D) निराला

(ii) Mahadevi Verma is a recipient of :

(A) Padma Vibhushan (B) Padma Shree

(C) Padma Bhushan (D) Bharat Ratna

महादेवी वर्मा को निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार मिला हैं ?

(A) पद्म विभूषण (B) पद्मा श्री

(C) पद्म भूषण (D) भारत रत्न

6. Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये :

(i) Identify the type of painting from the clues given below :

- Small work is done on perishable materials.
- Buddhist, Jain and Hindu manuscripts were illustrated, on palm leaves.
- Merchants used to donate them in the temples and monasteries.

(A) Phad Painting (B) Miniature Painting

(C) Pata Painting (D) Kalighat Painting

नीचे दिए गए संकेतों से भारतीय लोक चित्रकला की पहचान कीजिये।

- जल्दी खराब होने वाली सामग्रियों पर छोटा-मोटा काम किया जाता है।
- ताड़ के पत्तों पर बौद्ध, जैन और हिंदू पांडुलिपियों का चित्रण किया गया था।
- व्यापारी इन्हें मंदिरों और मठों में दान देते थे।

(A) फड़ चित्रकारी (B) लघु चित्रकारी

(C) पाटा पेंटिंग (D) कालीघाट पेंटिंग

(ii) __________ furniture is an example of unique traditional decorative arts and craft which constitute the heritage of modern India.

(A) Sandal Wood (B) Walnut Wood

(C) Teak Wood (D) Oak Wood

__________ फर्नीचर अद्वितीय पारंपरिक सजावटी कला और शिल्प का एक उदाहरण है जो आधुनिक भारत की विरासत का गठन करता है।

(A) चंदन की लकड़ी (B) अखरोट की लकड़ी

(C) सागौन की लकड़ी (D) ओक की लकड़ी

7. Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये :

(i) 'Mithila painting' also known as :

(A) Decorative Painting (B) Madhubani Folk Art

(C) Batik Print (D) Warli Painting

मिथिला पेंटिंग को इस नाम से भी जाना जाता है :

(A) सजावटी पेंटिंग (B) मधुबनी लोक कला

(C) बाटिक प्रिंट (D) वर्ली पेंटिंग

(ii) 'Kitab-e-Navras' was written by :

(A) Allaudin Adil Shah - II (B) Muhammed Adil Shah - II

(C) Ibrahim Adil Shah - II (D) Firoz Adil Shah - II

'किताब-ये-नवरस' किसके द्वारा लिखा गया था ?

(A) अलाउद्दीन आदिल शाह द्वितीय (B) मुहम्मद आदिल शाह द्वितीय

(C) इब्राहिम आदिल शाह द्वितीय (D) फिरोज आदिल शाह द्वितीय

8. Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये :

(i) Which one of the following is **not** a feature of Warli Painting ?

(A) Decorative painting on floor.

(B) From tribal regions of Maharashtra.

(C) Trees, birds, men and women collaborate to create a composite whole in a Warli painting.

(D) Employ religious iconography.

निम्नलिखित में से कौन सी वर्ली चित्रकला की विशेषता **नहीं** है ?

(A) फर्श पर सजावटी पेंटिंग

(B) महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों से

(C) पेड़, पक्षी, पुरुष और महिलाओं में समग्रता

(D) धार्मिक प्रतिमा विज्ञान का नियोजन

(ii) 'Gulraj folklore' is associated with which State ?

(A) Madhya Pradesh (B) Rajasthan

(C) Kashmir (D) Bengal

'गुलराज लोककथा' किस राज्य से संबंधित है ?

(A) मध्य प्रदेश (B) राजस्थान

(C) कश्मीर (D) बंगाल

9. Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये :

(i) Which one of the following is **not** a decorative art form ?

(A) Rangoli (B) Alpana

(C) Kollam (D) Ajanta

निम्नलिखित में से कौन सा सजावटी कला का रूप **नहीं** है ?

(A) रंगोली (B) अल्पना

(C) कोल्लम (D) अजंता

(ii) Who amongst the following is an author of 'Swapna Vasabdatta' ?

(A) Bhasa (B) Vidyapati

(C) Bharata (D) Lebedev

'स्वप्न वसाबदत्ता' किस लेखक का उत्कृष्ट नाटक है ?

(A) भासा (B) विद्यापति

(C) भरत (D) लेबेडेव

**10.** Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये :

(i) Which one of the following instruments is **not** used as props in folk theatre ?

(A) Dhol (B) Manjira (C) Khanjira (D) Sitar

निम्नलिखित वाद्य यंत्रों में से किसका उपयोग लोक रंगमंच में सामग्री के रूप में **नहीं** किया जाता है?

(A) ढोल (B) मंजीरा (C) खंजीरा (D) सितार

(ii) Identify the type of painting from the following hints :

- These are done on walls and rock surfaces like roofs and sides.
- They depict religious scenes from the life of the Buddha and the Buddhist Jataka stories.

(A) Kalamkari painting (B) Mural painting

(C) Warli painting (D) Mithila painting

निम्नलिखित संकेतों से चित्र कला रूप की पहचान कीजिये।

- ये कला दीवारों और छतों और किनारों जैसी चट्टानी सतहों पर किए जाते हैं।
- ये कला बुद्ध के जीवन और बौद्ध जातक कहानियों के धार्मिक दृश्यों को चित्रित करते हैं।

(A) कलमकारी पेंटिंग (B) भित्तिचित्र

(C) वर्ली पेंटिंग (D) मिथिला पेंटिंग

**11.** Answer **any one** of the questions given below : **1**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिये :

(i) Which one of the following is the work of G.S. Carr ?

(A) Synopsis of elementary results in Pure Mathematics

(B) Theory of Stringed Instruments

(C) Electromagnetic Radiation and Polarization of Electric Ray

(D) Theory of Prithvi and Electric Ray

निम्नलिखित में से जी.एस. कैर द्वारा लिखित पुस्तक कौन सी है?

(A) शुद्ध गणित में प्रारंभिक परिणामों का सारांश

(B) तारवाले वाद्य यंत्रों का सिद्धांत

(C) विद्युत चुम्बकीय विकिरण और विद्युत किरण का ध्रुवीकरण

(D) पृथ्वी और विद्युत किरण का सिद्धांत

(ii) Nilaka Somasutvan produced the __________. It has rules of trigonometry functions.

(A) Ganesa Daivajna (B) Tantrasamgraha

(C) Bijaganita Vatamsa (D) Tajik

निलाका सोमसुतवन ने __________ का निर्माण किया। इसमें त्रिकोणमिति कार्यों के नियम हैं।

(A) गणेश दैवज्ञ (B) तंत्रसंग्रह

(C) बीजगणित वातम्सा (D) ताजिक

**12.** Who amongst the following was the first head of Defence Research and Development Organisation (DRDO) ? **1**

(A) Dr. Vikram Sarabhai (B) Dr. Homi Jehangir Bhabha

(C) Dr. Jagadish Chandra Bose (D) Dr. A.P.J. Abdul Kalam

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के पहले प्रमुख कौन थे ?

(A) डॉ. विक्रम साराभाई (B) डॉ. होमी जहांगीर भाभा

(C) डॉ. जगदीश चंद्र बोस (D) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

**13.** Maharaja Sawai Man Singh-II of Jaipur was a patron of astronomy. He had setup astronomical observatories at __________. **1**

(A) Delhi (B) Ujjain (C) Jaipur (D) Patna

जयपुर के महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय खगोल विज्ञान के संरक्षक थे। उन्होंने __________ में खगोलीय वेधशालाएँ स्थापित की।

(A) दिल्ली (B) उज्जैन (C) जयपुर (D) पटना

**14.** Identify the centre of paper production during medieval period : **1**

(A) Murshidabad (B) Delhi (C) Mathura (D) Varanasi

मध्यकाल के दौरान कागज उत्पादन के केंद्र की पहचान कीजिये :

(A) मुर्शिदाबाद (B) दिल्ली (C) मथुरा (D) वाराणसी

**15.** BARC stands for : **1**

(A) Bhabha Acidic Research Centre

(B) Bhabha Atomic Research Centre

(C) Bhabha Alkaline Research Centre

(D) Bhabha Apsara Research Centre

BARC का मतलब है :

(A) भाभा अम्लीय अनुसंधान केंद्र

(B) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

(C) भाभा क्षारीय अनुसंधान केंद्र

(D) भाभा अप्सरा अनुसंधान केंद्र

16. The Right of Children to Free and Compulsory Education Act was passed in : 1

(A) April 2010 (B) April 2011 (C) April 2012 (D) April 2013

__________ में बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम पारित किया गया।

(A) अप्रैल 2010 (B) अप्रैल 2011 (C) अप्रैल 2012 (D) अप्रैल 2013

17. The 'Charak Samhita' was the important work in the field of : 1

(A) Astronomy (B) Metallurgy (C) Medicine (D) Philosophy

'चरक संहिता' किस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य था ?

(A) खगोलविज्ञान (B) धातुकर्म (C) चिकित्सा (D) दर्शन

18. Identify the famous political leader from the following who said these lines "If all is well with universities, all would be well with the Nation" ? 1

(A) Dr. S. Radhakrishnan (B) Jawaharlal Nehru

(C) Sardar Vallabh Bhai Patel (D) Atal Bihari Vajpayee

निम्नलिखित में से उस प्रसिद्ध राजनीतिक नेता की पहचान कीजिये जिसने कहा था कि ''यदि विश्वविद्यालयों के साथ सब ठीक है, तो राष्ट्र के साथ भी सब ठीक होगा'' ?

(A) डॉ. एस. राधाकृष्णन (B) जवाहरलाल नेहरू

(C) सरदार वल्लभभाई पटेल (D) अटल बिहारी वाजपेयी

19. During the Vedic period, education was imparted in the : 1

(A) Vidyalayas (B) Monastries (C) Ashramas (D) Madarasas

निम्नलिखित में से किस स्थान पर वैदिक काल में शिक्षा प्रदान की जाती थी ?

(A) विद्यालय (B) मठ (C) आश्रम (D) मदरसे

20. Manu noted __________ caste whereas on latter text counted hundred of mixed castes. 1

(A) 51 (B) 61 (C) 71 (D) 81

मनु ने __________ जाति का उल्लेख किया है जब कि बाद वाले पुस्तकों में सैकड़ों मिश्रित जातियों की गणना की गयी।

(A) 51 (B) 61 (C) 71 (D) 81

## SECTION - B/खण्ड - ख

**Question numbers 21 to 35 are objective type questions with two sub-questions of one mark each.** **15x2=30**

**प्रश्न संख्या 21 से 35 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें एक-एक अंक के दो उप-प्रश्न हैं।**

**21.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. **2**

(a) Different knowledge embodied in culture cannot be passed from one generation to another generation. (True/False)

(b) Culture we inherit from our predecessors is called our cultural heritage. (True/False)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये।

(a) संस्कृति में सन्निहित विभिन्न ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पारित नहीं किया जा सकता है। (सही/गलत)

(b) जो संस्कृति हमें अपने पूर्ववर्तियों से विरासत में मिलती है, वह हमारी सांस्कृतिक विरासत कहलाती है। (सही/गलत)

**22.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. **2**

(a) B.R. Ambedkar and Mahatma Gandhi were champions of the backward classes. (True/False)

(b) In 1930, the Sharda Act was passed fixing the minimum age for marriage for boys at 20 and girls at 16. (True/False)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये।

(a) बी.आर. अंबेडकर और महात्मा गांधी पिछड़े वर्गों के समर्थक थे। (सही/गलत)

(b) 1930 में, शारदा अधिनियम पारित किया गया जिसमें लड़कों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और लड़कियों की 16 वर्ष निर्धारित की गई। (सही/गलत)

**23.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. **2**

(a) __________ was the sanctified water offered by a master to the pupil as a token of his being accepted as a trainee on his march to godliness.

(b) In 1935 only __________% of population could vote.

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये।

(a) __________ वह पवित्र जल था जो एक गुरु द्वारा शिष्य को उसके ईश्वरत्व की ओर अग्रसर होने पर एक प्रशिक्षु के रूप में स्वीकार किए जाने के प्रतीक के रूप में दिया जाता था।

(b) 1935 में केवल __________% जनसंख्या ही मतदान कर सकती थी।

**24.** Match **any two** from the following two columns given below. **2**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Mahavir Prasad Dwivedi | (a) | Bangla |
| (ii) | Bankim Chandra Chatterji | (b) | Sanskrit |
| (iii) | Munshi Prem Chand | (c) | Hindi |
| (iv) | Swami Dayanand | (d) | Urdu |

नीचे दिए गए दो स्तम्भों में से **किन्हीं दो** का मिलान कीजिये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | महावीर प्रसाद द्विवेदी | (a) | बांग्ला |
| (ii) | बंकिम चंद्र चटर्जी | (b) | संस्कृत |
| (iii) | मुंशी प्रेमचंद | (c) | हिंदी |
| (iv) | स्वामी दयानंद | (d) | उर्दू |

**25.** Match **any two** from the following two columns given below. **2**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | 1813 | (a) | Education is a part of Concurrent list |
| (ii) | 1857 | (b) | University of Punjab |
| (iii) | 1882 | (c) | University of Madras |
| (iv) | 1976 | (d) | The East India Company Charter Act |

नीचे दिए गए दो स्तम्भों में से **किन्हीं दो** का मिलान कीजिये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | 1813 | (a) | शिक्षा समवर्ती सूची का एक हिस्सा है |
| (ii) | 1857 | (b) | पंजाब विश्वविद्यालय |
| (iii) | 1882 | (c) | मद्रास विश्वविद्यालय |
| (iv) | 1976 | (d) | दि ईस्ट इंडिया कंपनी चार्टर अधिनियम |

**26.** Match **any two** from the following two columns given below. **2**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Kandukuri Veeresalingam | (a) | One Caste, One Religion, One God for all men |
| (ii) | Veda Samaj | (b) | Challenge the dominance of Brahmins |
| (iii) | Shree Narayana Guru | (c) | Supported widow remarriage and girls education in Andhra Pradesh |
| (iv) | Jyotiba Phule | (d) | Caste distinction and rituals of orthodox Hinduism |

नीचे दिए गए दो स्तम्भों में से **किन्हीं दो** का मिलान कीजिये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कंदुकुरी वीरेसलिंगम | (a) | सभी मनुष्यों के लिए एक जाति, एक धर्म, एक भगवान |
| (ii) | वेद समाज | (b) | ब्राह्मणों के प्रभुत्व को चुनौती |
| (iii) | श्री नारायण गुरु | (c) | आंध्र प्रदेश में विधवा पुनर्विवाह और लड़कियों की शिक्षा का समर्थन किया |
| (iv) | ज्योतिबा फुले | (d) | जाति भेद और रूढ़िवादी हिंदू धर्म के अनुष्ठान |

**27.** Match **any two** from the following two columns given below. **2**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Acharya Kamalasheel | (a) | China |
| (ii) | Kashyapa Martanga | (b) | Tibet |
| (iii) | Wayung | (c) | Odantapuri |
| (iv) | Pala Kings | (d) | South East Asia |

नीचे दिए गए दो स्तम्भों में से **किन्हीं दो** का मिलान कीजिये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | आचार्य कमलशील | (a) | चीन |
| (ii) | कश्यप मार्तंगा | (b) | तिब्बत |
| (iii) | वेयुंग | (c) | ओदंतपुरी |
| (iv) | पाल राजा | (d) | दक्षिण पूर्व एशिया |

**28.** Match **any two** from the following two columns given below. **2**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Bengal | (a) | Bhawaii |
| (ii) | Gujarat | (b) | Jatra |
| (iii) | Uttar Pradesh | (c) | Raas |
| (iv) | Rajasthan | (d) | Svaang |

नीचे दिए गए दो स्तम्भों में से **किन्हीं दो** का मिलान कीजिये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | बंगाल | (a) | भवाई |
| (ii) | गुजरात | (b) | जात्रा |
| (iii) | उत्तर प्रदेश | (c) | रास |
| (iv) | राजस्थान | (d) | स्वांग |

**29.** Match **any two** from the following two columns given below. **2**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Nandalal Bose | (a) | Oriental Traditions |
| (ii) | Binod Behari Mukherjee | (b) | Orissa Pata Painting |
| (iii) | Jamini Roy | (c) | Paris and Budapest |
| (iv) | Amrita Shergil | (d) | Japanese Painting |

नीचे दिए गए दो स्तम्भों में से **किन्हीं दो** का मिलान कीजिये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | नंदलाल बोस | (a) | ओरिएंटल परंपराएँ |
| (ii) | बिनोद बिहारी मुखर्जी | (b) | उड़ीसा पाटा पेंटिंग |
| (iii) | जामिनी रॉय | (c) | पेरिस और बुडापेस्ट |
| (iv) | अमृता शेरगिल | (d) | जापानी पेंटिंग |

**30.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. Answer **any two** of the statements given below : **2**

(a) The National Policy on Education 1986 emphasized on 'Universal Access and Enrolment.' (True/False)

(b) Sarva Shiksha Abhiyan was a flagship programme of the State Government for 'Universalization of Elementary Education' that was started in 2001. (True/False)

(c) 'National Literacy Mission' (NLM) has been started for imparting literacy amongst the 15-35 years age group. (True/False)

(d) The $86^{th}$ Constitutional amendment making education a Fundamental Right, was passed by Parliament in 2003. (True/False)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये। नीचे दिए गए विधानों में से **किसी दो** का उत्तर दीजिए।

(a) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में सार्वभौमिक पहुंच और नामांकन पर जोर दिया गया। (सही/गलत)

(b) सर्व शिक्षा अभियान प्रारंभिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए राज्य सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम था जिसे 2001 में शुरू किया गया था। (सही/गलत)

(c) 15-35 वर्ष आयु वर्ग के बीच साक्षरता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (एनएलएम) शुरू किया गया है। (सही/गलत)

(d) शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाने वाला 86वां संवैधानिक संशोधन 2003 में संसद द्वारा पारित किया गया था। (सही/गलत)

**31.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. **2**

(a) Charles Wood's Despatch was passed in 1854. (True/False)

(b) Punjabi is a language with several shades. It is being written in two scripts, Gurmukhi and Persian. (True/False)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये।

(a) चार्ल्स वुड का डिस्पैच 1854 में पारित किया गया था। (सही/गलत)

(b) पंजाबी कई रंगों वाली भाषा है। यह दो लिपियों गुरुमुखी और फ़ारसी में लिखी जाती है। (सही/गलत)

**32.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. **2**

(a) According to the Sanyasa Ashrama the two stages of life began not with physical birth but with sacred thread ceremony. (True/False)

(b) Untouchability, took roots during the last phase of the Vedic period and crystallized into a separate identity in the age of the Buddha. (True/False)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये।

(a) संन्यास आश्रम के अनुसार जीवन के दो चरण शारीरिक जन्म से नहीं बल्कि पवित्र धागा समारोह से शुरू हुए। (सही/गलत)

(b) अस्पृश्यता प्रथा ने वैदिक काल के अंतिम चरण के दौरान जड़ें जमालीं और बुद्ध के युग में एक अलग पहचान बन गई। (सही/गलत)

**33.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. **2**

(a) The first monasteries built in Sri Lanka were Mahavihar and Abhayagiri. (True/False)

(b) People coming from the port towns of Amaravati and Tamralipti often settled down in China after the second century AD. (True/False)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये।

(a) श्रीलंका में निर्मित पहले मठ महाविहार और अभयगिरि हैं। (सही/गलत)

(b) दूसरी शताब्दी ईस्वी के बाद अमरावती और ताम्रलिप्ति के बंदरगाह शहरों से आने वाले लोग अक्सर चीन में बस गए। (सही/गलत)

**34.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. **2**

(a) Gadadhar Chattopadhyay believed in the divinity in humanity and looked upon the service of mankind to salvation. (True/False)

(b) Vivekananda participated in the All-World Religious conference at New York in 1895. (True/False)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये।

(a) गदाधर चट्टोपाध्याय मानवता में दिव्यता में विश्वास करते थे और मोक्ष के लिए मानव जाति की सेवा को देखते थे। (सही/गलत)

(b) विवेकानन्द ने 1895 में न्यूयॉर्क में अखिल विश्व धार्मिक सम्मेलन में भाग लिया। (सही/गलत)

**35.** Read the following sentences and tick the **correct** answer. **2**

(a) Thonmi Sambhot devised a new script for Tibet which influenced the scripts of Mongolia and Manchuria. (True/False)

(b) In the fourth century AD Wei Dynasty came to power in China. Its first Emperor declared Buddhism as the state religion. (True/False)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और **सही** उत्तर की पहचान कीजिये।

(a) थोनमी सम्भोट ने तिब्बत के लिए एक नई लिपि तैयार की जिसने मंगोलिया और मंचूरिया की लिपियों को प्रभावित किया। (सही/गलत)

(b) चौथी शताब्दी ईस्वी में चीन में वेई राजवंश सत्ता में आया। इसके प्रथम सम्राट ने बौद्ध धर्म को राज धर्म घोषित किया। (सही/गलत)

## SECTION - C/खण्ड - ग

**Question Nos. 36 to 40 are to be answered in about 25 words.** **5x2=10**
**प्रश्न संख्या 36 से 40 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में दिया जाना है।**

**36.** The period between 1905 and 1918 is called the Era of extremists. What were their ideologies ? **2**
1905 से 1918 के बीच के काल को नरम दल का युग कहा जाता है। उनकी विचारधाराएं क्या थी ?

**OR/अथवा**

'Delhi at one time was a magnificent city'. Elucidate the Statement given by Ibn Battuta.
'किसी समय दिल्ली एक शानदार शहर था।' इब्न बतूता द्वारा दिए गए कथन को स्पष्ट कीजिए।

**37.** "Persian language was developed during Medieval Period" Support the statement with two points. **2**
''फ़ारसी भाषा का विकास मध्य काल में हुआ''। इस कथन की दो बिन्दुओं में व्याख्या कीजिये।

**OR/अथवा**

Why was Bulley Shah famous ?
बुल्ले शाह क्यों प्रसिद्ध थे ? स्पष्ट कीजिये।

**38.** What were the duties performed by men when he entered the 'Vanaprastha Ashrama' ? **2**
'वानप्रस्थ आश्रम' में प्रवेश करने पर मनुष्य द्वारा किए जाने वाले कर्तव्य क्या माने जाते थे ?

**OR/अथवा**

Mention the changes in the caste system in the modern times.
आधुनिक काल में जाति व्यवस्था में आये परिवर्तनों का उल्लेख कीजिये।

**39.** Explain any two contributions of Dipankara Sreejnana. **2**
दीपांकर श्रीज्ञान के किन्हीं दो योगदानों को स्पष्ट कीजिए।

**40.** Mention any two features of Bhartanatyam. **2**
भरतनाट्यम के किन्हीं दो लक्षणों को स्पष्ट कीजिये।

## SECTION - D/खण्ड - घ

**Question Nos. 41 to 45 are to be answered in about 40-50 words.** **5x3=15**

**प्रश्न संख्या 41 से 45 तक का उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दिया जाना है।**

**41.** 'Culture refers to a human-made environment'. Explain the statement. **3**

'संस्कृति का तात्पर्य मानव निर्मित पर्यावरण से है'। इस कथन की व्याख्या कीजिये।

**OR/अथवा**

'Culture is dynamic'. Explain the statement.

'संस्कृति किस प्रकार गतिशील है'? इस कथन की व्याख्या कीजिये।

**42.** Describe the development of Hindi literature and language. **3**

हिन्दी साहित्य एवं भाषा के विकास का वर्णन कीजिए।

**OR/अथवा**

Describe the growth of Gujarati literature.

गुजराती साहित्य के विकास की रूपरेखा का वर्णन कीजिए।

**43.** Describe the role of Annie Besant played in 'Theosophical Society'. **3**

'थियोसोफिकल सोसाइटी' में एनी बेसेंट की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**OR/अथवा**

Assess the features of Vivekananda's Social Philosophy.

विवेकानन्द के सामाजिक दर्शन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**44.** Your sister has recently bought a Kalamkari saree from Dilli Haat. As a student of Indian Culture and Heritage, explain to her any three distinctive features of Kalamkari Art. **3**

आपकी बहन ने हालही में दिल्ली हाट से एक कलमकारी साड़ी खरीदी है। भारतीय संस्कृति और विरासत की एक छात्रा के रूप में, उसे कलमकारी कला की किन्हीं तीन विशिष्ट विशेषताओं के बारे में लिखिए।

**45.** Mention any three features of the education system under the Mughals. **3**

मुगलों के अधीन शिक्षा प्रणाली की किन्हीं तीन विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिये।

## SECTION - E/खण्ड - ङ

**Question Nos. 46 to 50 are to be answered in about 150-200 words.** **5x5=25**

**प्रश्न संख्या 46 से 50 का उत्तर लगभग 150-200 शब्दों में दिया जाना है।**

**46.** What are the universal characteristics of culture ? Illustrate with example. **5**

संस्कृति कि सार्वभौमिक विशेषताएँ क्या हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये।

**OR/अथवा**

Illustrate with examples that Culture is linked with life.

उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए कि संस्कृति जीवन से जुड़ी हुई है?

**47.** 'India in the $18^{th}$ century was a picture of many contrast and contradiction'. Explain the statement. **5**

'18वीं सदी में भारत कई विषमताओं और अंतर्विरोधों की तस्वीर था।' इस कथन की व्याख्या कीजिये।

**OR/अथवा**

'The Mughals rulers were great lovers of nature.' Describe the different gardens constrcuted by them.

'मुगल शासक प्रकृति के महान प्रेमी थे।' उनके द्वारा निर्मित विभिन्न उद्यानों की व्याख्या कीजिये।

**48.** Why is Raja Rammohan Roy known as father of Modern India ? Explain. **5**

राजा राममोहन रॉय को आधुनिक भारत का जनक क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिये।

**49.** Describe the contributions of Srinivas Ramanujan in the field of Mathematics. **5**

गणित के क्षेत्र में श्रीनिवास रामानुजन का योगदान स्पष्ट कीजिये।

**50.** 'Slavery was an established institution'. Explain the statement. **5**

'दासत्व एक स्थापित संस्था थी।' इस कथन की व्याख्या कीजिये।

**- o O o -**